महिला एवम बाल विकास मंत्रालय द्वारा जून, 2022 के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण गतिविधियां की गईं :

1. **आकांक्षी जिलों में 8 वर्ष की उपलब्धियां और विकास :** विगत 8 वर्षों में मंत्रालय द्वारा किए गए कार्यों और अपने नए मिशन के तहत मंत्रालय द्वारा की गई गतिविधियों के प्रचार के लिए आउटरीच गतिविधियों के भाग के रूप में मंत्रालय ने राज्यों के एक समूह के साथ क्षेत्रीय और उप क्षेत्रीय स्तर पर बैठकें आयोजित की। मंत्रालय द्वारा माह के दौरान उपलब्धियों पर 6 क्षेत्रीय और उपक्षेत्रीय बैठकें रायपुर, काशी, पणजी, पोर्टब्लेयर, जयपुर और पानीपत में आयोजित की गईं।

आकांक्षी जिलों के लिए ऐसी बैठकें हरिद्वार और विशाखापट्टनम में आयोजित की गईं। आकांक्षी जिलों में बैठकों का विषय आकांक्षी जिलों की महिलाओं और बच्चों का विकास था। संबंधित जिला अधिकारियों ने अपने जिलों की सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रस्तुतीकरण दिया।

बैठक में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण; बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और विकास; और बच्चों और गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण के क्षेत्र में हासिल की गई उपलब्धियों के साथ विगत 8 वर्षों में हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। मंत्रालय की विभिन्न प्रमुख स्कीमों (पोषण, बीबीबीपी, पीएमएमवीवाई आदि) की लाभार्थी महिलाओं/बच्चों की वीडियो को भी बैठक के दौरान दिखाया गया।

माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी ने मंत्रालय की स्कीमों सहित भारत सरकार की विभिन्न स्कीमों से लाभ ले चुकी महिलाओं और बच्चों के साथ सार्थक बातचीत की। उन्होंने विभिन्न सिविल सोसायटी संस्थाओं(सीएसओएस) और पोषण, महिला सशक्तिकरण और बाल विकास के क्षेत्र में काम कर रहे विश्वविद्यालयों के साथ भी बातचीत की। माननीय महिला और बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मुंजपरा महेंद्रभाई ने भी इन बैठकों में भाग लेकर बैठकों की गरिमा बढ़ाई।

बैठक में राज्य सरकारों के सामाजिक कल्याण/महिला और बाल विभाग के माननीय मंत्री; सांसद, संबंधित जिलों के विधायक, जिला परिषद / पंचायत के प्रमुख, राज्य सरकारों के अधिकारी तथा एनसीडब्ल्यू, एससीडब्ल्यूएस, एनसीपीसीआर, एससीपीसीआर इत्यादि के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं अर्थात विश्व बैंक, यूनीसेफ और यूएन महिला के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया और देश में महिलाओं और बच्चों के संबंध में की गई प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया। नीति आयोग ने आकांक्षी जिलों के कार्य का शुरूआत से संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

2. **केवाडिया में मीडिया आउटरीच :** मंत्रालय के विगत 8 वर्ष की उपलब्धियों के प्रचार के भाग के रूप में, मंत्रालय ने 16-17 जून, 2022 को केवाडिया और अहमदाबाद, गुजरात में मीडिया आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान रिपोर्टरों और पत्रकारों ने मंत्रालय की पोषण 2.0 और सक्षम आंगनवाड़ी के अंतर्गत विभिन्न स्कीमों पीएमएमवीवाई, बीबीबीपी के लाभार्थियों और बालिका पंचायत नेताओं से बातचीत की और जाना कि स्कीम ने कैसे लोगों के जीवन को प्रभावित किया और उनके जीवन को पूरी तरह बदल दिया। लाभार्थियों तक सेवाओं को पहुंचाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के प्रयासों की सराहना के लिए संवाददाताओं ने महिला सुपरवाइजर और अग्रणी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के साथ भी बातचीत की। बैठक के प्रतिभागियों के लिए घर ले जाने वाले राशन तैयार करने वाले एमयूल के प्लांट के क्षेत्रीय दौरे की व्यवस्था की गई थी। यूएन महिला के अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और यूनीसेफ ने दो दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम में भाग लिया ।

3. **सामाजिक और मानव विज्ञान के लिए यूनेस्को के सहायक महानिदेशक के साथ बैठक :** सुश्री गैब्रिएला, रामोस यूनेस्को की सामाजिक और मानव विज्ञान के सहायक महानिदेशक एवम सचिव , महिला एवम बाल विकास मंत्रालय के मध्य एक बैठक 21 जून, 2022 को हुई जिसमें लैंगिक समानता और सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों के लिए यूनेस्को के प्रमुख मानसिकता बदलाव कार्यक्रम पर चर्चा हुई।

4. **एमडब्ल्यूसीडी जी-20 मुख्य समूह की प्रथम बैठक :** भारत की आगामी जी-20 प्रेसीडेंसी (01 दिसम्बर, 2022 से 30 नवम्बर, 2023) के दौरान डब्ल्यू-20 और जी-20 समर्थित बैठकों के आयोजन के लिए 'एमडब्ल्यूसीडी की तैयारियों की समीक्षा के लिए जी-20 कोर-ग्रुप' की पहली बैठक सचिव , महिला एवम बाल विकास मंत्रालय की अध्यक्षता में 14 जून, 2022 को आयोजित की गई थी।

5. **काठमांडू, नेपाल में लैंगिक प्रतिक्रियाशील/परिवर्तनकारी सामाजिक संरक्षण कार्यशाला :** मंत्रालय ने दक्षिण एशिया के यूनीसेफ के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा लैंगिक प्रतिक्रियाशील/परिवर्तनकारी सामाजिक संरक्षण विषय पर दिनांक 8-10 जून, 2022 को आयोजित कार्यशाला में भाग लिया।

******